भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
वित्तीय सेवाएं विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 897

जिसका उत्तर 12 दिसंबर, 2022/21 अग्रहायण, 1944 (शक) को दिया गया

मध्य प्रदेश में मुद्रा ऋण

897. श्री गजेन्द्र सिंह पटेल:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मध्य प्रदेश में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत ऋण वितरण की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) मध्य प्रदेश में आज की तिथि में उक्त योजना के अंतर्गत लाभार्थियों की संख्या कितनी है;

(ग) क्या उक्त योजना के अंतर्गत आदिवासी क्षेत्रों में कोई विशेष लाभ प्रदान किया गया है; और

(घ) उक्त योजना के अंतर्गत खरगौन-बड़वानी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में अब तक कितने लाभार्थी लाभान्वित हुए हैं?

उत्तर

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (डॉ. भागवत कराड)

(क) से (घ): सदस्य ऋणदात्री संस्थाओं (एमएलआई) द्वारा मुद्रा पोर्टल पर अपलोड किए गए दिनांक 25.11.2022 तक के आंकड़ों के अनुसार, मध्य प्रदेश राज्य में अप्रैल 2015 में इस योजना की शुरूआत से अब तक 1.14 लाख करोड़ रुपये की राशि के 2.30 करोड़ से अधिक के ऋण संवितरित किए गए हैं। इसमें से 9,100 करोड़ रुपये की राशि के 28.08 लाख से अधिक के ऋण अनुसूचित जनजाति (एसटी) श्रेणी के उधारकर्ताओं को संवितरित किए गए हैं।

अनुसूचित जनजाति (एसटी) उधारकर्ताओं सहित खरगौन और बड़वानी जिलों में पीएमएमवाई के अंतर्गत ऋण लेने वाले उधारकर्ताओं की संख्या निम्नानुसार है:-

	अनुसूचित जनजाति	**कुल (सभी श्रेणियां)**
जिले का नाम*	**ऋण खातों की संख्या**	**ऋण खातों की संख्या**
बड़वानी	71,589	**2,34,061**
खरगौन	82,124	**4,29,448**

*दिनांक *01.04.2016* से दिनांक *25.11.2022 (*वित्तीय वर्ष *2015-16* के लिए जिलावार डेटा मुद्रा पोर्टल पर उपलब्ध नहीं है*)*

******